





# चौथी मंजिल से गिरने से नायब तहसीलदार की हुई मौत

**मंगलवार की दोपहर को हुई घटना, जांच में जुटी पुलिस**



नवभारत न्यूज

**विदिशा 25 नवम्बर, मंगलवार दोपहर 12 बजे के लगभग सांची रोड स्थित शासकीय आवास के एफ ब्लॉक में तीसरी मंजिल पर रहने वाली विदिशा तहसील के खामखेड़ा-पीपलखेड़ा सर्कल की नायब तहसीलदार कविता कंडेला की चौथी मंजिल से गिरकर मौत हो गई है. छत से गिरने के बाद उन्हें तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया. जहां उपचार के पहले ही उनकी मौत हो गई. वहीं घटना की जानकारी लगते ही कलेक्टर अंशुल गुप्ता, एसपी रोहित काशवानी, एसडीएम, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी शासकीय आवास पर पहुंचे. घटना के बाद राजस्व परिसर को पूरी तरह सील कर दिया गया है. फॉरेंसिक टीम सहित पुलिस द्वारा बारीकी से जांच पड़ताल की जा रही है.**

वहीं इस मामले में टीआई कोतवाली आनंद राज ने बताया कि पुलिस मौके पर हर सबूत खंगाल रही है. छत के किनारों, सीढ़ियों और घटना स्थल पर मिले संभावित निशानों की जांच जारी है. कविता के परिजनों को सूचना दे दी गई है. जिनके बयान पुलिस के लिए बेहद अहम होंगे. परिजनों के आने के बाद पीएम कराया जाएगा, साथ ही उनकी मौजूदगी में ही घर के अंदर की तलाशी ली जाएगी। वहीं पोस्टमार्टम और जांच रिपोर्ट के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि मामला आत्महत्या का है या हादसे का.

उनके पिता ने बताया कि सोमवार की रात्रि में कविता से फोन पर बात हुई थीसउन्होंने कहा कि इस दौरान कविता ने कहा था कि एसआईआर का काम चल रहा है, ज्यादा परेशानी चल रही हैस सुबह बात नहीं कर पाऊंगी शाम को बात करती हूं. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि किसी तनाव में नहीं थी, पढ़ने लिखने में वह काफी होशियार थी. उन्होंने कहा कि समझ में नहीं आ रहा कि ऐसा कदम क्यों उठाया क्या मजबूरी थी समझ में नहीं आ रहा है. उन्होंने कहा कि मुझे जानकारी दी गई थी कि कविता सीढ़ियों से गिर गई है आप लोग आ जाइए. उन्होंने कहा कि कविता हमेशा कोई भी बात नहीं छिपाती थी और वह सबसे खुलकर बात करती थी. साथ ही उन्होंने कहा कि इस घटना से पूरा परिवार दुखी है.ईश्वर ने जो घटनाक्रम किया है उसमें कोई क्या कर सकता है.

वहीं इस मामले में पुलिस बारीकी से जांच पड़ताल में जुटी हुई है ताकि घटना की सच्चाई की जानकारी लगाई जा सके. दिन भर अस्पताल में जिले के अधिकारी मौजूद रहे और पल-पल की घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारी लेते हुए नजर आए.वहीं इस घटना से परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल था.किसी को भी है समझ में नहीं आ रहा था कि यह घटना आखिर कैसे घटित हुई.

### दो बार पीएससी परीक्षा की पास

नायब तहसीलदार कविता कंडेला अचानक अपने तीसरी मंजिल निवास की बालकनी से गिरने के कारण घायल अवस्था में अस्पताल भर्ती कराया गया था, जहां डॉक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया इस मामले की जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली तो वह अपने परिवार के साथ शाम को विदिशा पहुंचे. पिता ओमप्रकाश कंडेला ने बताया कि उनकी बेटी कविता की पोस्टिंग विदिशा में चार-पांच महीने पहले ही हुई थी. कविता तीन भाई बहन है. जिसमें कविता पढ़ने लिखने में काफी होशियार थी और वह पढ़ाई में हमेशा अव्वल रही है. उन्होंने कहा की कविता ने पीएससी की परीक्षा दो बार उत्तीर्ण की है और गोल्ड मेडलिस्ट भी रही है.

# विप्रजन हुए आक्रोशित, कार्यवाही की मांग

**खास बातें**

- मासूम के बलात्कारी को दो फांसी, आईएएस पर कार्यवाही की मांग
- युवा ब्राह्मण विकास परिषद ने दो अलग-अलग मामलों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन



नवभारत न्यूज

**विदिशा 25 नवम्बर, मंगलवार को युवा ब्राह्मण विकास परिषद के बैनर तले बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग कलेक्टोरेट पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को दो ज्ञापन सौंपे. एक ज्ञापन में रायसेन जिले के गोहरगंज क्षेत्र में 6 वर्षीय बालिका के साथ हुए जघन्य दुष्कर्म के आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने एवं उसे फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से फांसी की सजा दिलाने की मांग की गई है. वहीं दूसरे ज्ञापन में अजाक्स के प्रदेश अध्यक्ष आईएएस संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की बेटियों पर की गई टिप्पणी के विरोध में कार्रवाई करने की मांग की गई.**

मंगलवार को युवा ब्राह्मण विकास परिषद के बैनर तले बड़ी संख्या में समाज के लोग कलेक्टोरेट पहुंचे और दो अलग-अलग घटनाओं को लेकर ज्ञापन दिए गए. इस दौरान वरिष्ठ समाज सेवी मनोज कटारे, पूर्व विधायक शशांक भार्गव, विजय दीक्षित, संजय चतुर्वेदी, रविकांत शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे. इस दौरान वरिष्ठ समाज सेवी मनोज कटारे ने कहा कि रायसेन जिले के गैरतगंज में एक 6 वर्षीय मासूम बेटी के साथ अत्यंत जघन्य एवं वीभत्स दुष्कर्म की घटना हुई है. इस घटना को लेकर पूरे प्रदेश में आक्रोश है. अपराधियों में भय पैदा हो तो वहीं महिला और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस की गश्त बढ़ाई जाए. उन्होंने कहा कि खासकर उन क्षेत्रों में जो अति संवेदनशील की श्रेणी में आते हैं ऐसे क्षेत्रों में पुलिस द्वारा लगातार पेट्रोलिंग होना चाहिए.

इसके साथ ही दूसरे ज्ञापन में उन्होंने कहा कि अजाक्स के प्रदेश अध्यक्ष आईएएस संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की बेटियों पर अभद्र टिप्पणी की गई है. जिसमें उन्होंने कहा था कि ब्राह्मणों को आरक्षण लेना है तो वह अपने बेटियों की शादी निचली जाति के लोगों में करें.साथ ही अन्य अशोभनीय भाषा का उपयोग किया गया है, जिससे पूरे ब्राह्मण समाज में आक्रोश व्याप्त है.उन्होंने आवेदन देकर संतोष वर्मा पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है. साथ ही उन्होंने कहा कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो आगामी दिनों में पुतला दहन किया जाएगा और ब्राह्मण समाज द्वारा उग्र प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी.इस अवसर पर बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद थे.

**एक नजर में**

### घर-घर दस्तक दे रहे बीएलओ

नवभारत न्यूज

**पठारी,** निर्वाचन आयोग के आदेश पर जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रो में एसआईआर के माध्यम से मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है जिसको लेकर नगर के बीएलओ घर-घर दस्तक दे रहे है सुबह से लेकर देर रात तक बीएलओ एवं अपने सहयोगियों के साथ नगर के अपने-अपने वाड़ों में मतदाता सूची का पुनरीक्षण कर रहे हैं.

### नगद इनाम की घोषणा

नवभारत न्यूज

**विदिशा** ,पुलिस उप महानिरीक्षक भोपाल ग्रामीण रेंज ने थाना सिविल लाइन विदिशा में दर्ज अपराध के अज्ञात फरार आरोपीगण की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी कराने में मदद करने वाले के लिए बीस हजार रूपए नगद इनाम देने की घोषणा की है. थाना सिविल लाइन विदिशा में दर्ज अपराध प्रकरण क्रमांक 896/2025 का फरार अज्ञात आरोपी की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी में मदद करने वाले के लिए दस हजार रूपए का नगद इनाम घोषित किया गया है.

# मासूम से दुष्कर्म के आरोपी का फूंका पुतला, फांसी देने की मांग

नवभारत न्यूज

**विदिशा, रायसेन जिले के गोहरगंज में 6 साल की मासूम बच्ची के साथ सलमान नामक युवक द्वारा दुष्कर्म कर उसे मरणासन्न हालत में छोड़कर भाग जाने की घटना के तीन दिन बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की गई है.**

विदिशा में भी इस घटना का पुरजोर विरोध किया जा रहा है. मंगलवार को हिंद प्रहरी संगठन के सदस्य और विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संगठनों के सदस्य माधवगंज से बाइक रैली के जरिए शहर के मुख्यमार्गो से होते हुए विवेकानंद चौराहे पर पहुंचे। जहां आरोपी सलमान का पुतला दहन किया गया। संगठन के संस्थापक अध्यक्ष सौरभ सिंह राजपूत ने बताया कि इस घटना से पूरे प्रदेश और देश भर में नाराजगी देखी जा रही है। उन्होंने कहा कि आरोपी का एनकाउंटर किया जाए. वहीं उसे हर हाल में फांसी की सजा दी जाए.



# लंबित वेतन तत्काल करें जारी, विधायक ने जनसुनवाई में दिये निर्देश

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** विधायक मुकेश टंडन ने मंगलवार को नपा परिसर में आम नागरिकों की समस्याएं सुनने के लिए जनसुनवाई का आयोजन किया. यह जनसुनवाई प्रत्येक मंगलवार सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की जाती है.आज की जनसुनवाई में विभिन्न प्रकार की समस्याओं से संबंधित कुल 22 लिखित आवेदन प्राप्त हुए, जबकि कई हितग्राहियों ने अपनी समस्याएं मौखिक रूप से भी रखीं. विधायक टंडन ने सभी आवेदनों पर गंभीरता से सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए. जनसुनवाई के दौरान आउटसोर्स के छह कर्मचारियों ने तीन महीने से वेतन न मिलने की शिकायत की. इस पर विधायक टंडन ने मौके पर ही स्वास्थ्य शाखा प्रभारी चंद्रभान को निर्देश दिए कि कर्मचारियों का लंबित वेतन तत्काल जारी किया जाए. कुछ शिकायतों का निवारण स्थल पर ही कर दिया गया.जनसुनवाई में अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे.

# प्राचार्य-शिक्षकों की अनुपस्थिति से शिक्षा कार्य बाधित

**विद्यालय की अव्यवस्था पर भड़का अभाविप, डीईओ को सौंपा ज्ञापन**

**व्यवस्था नहीं सुधरी तो करेंगे डीईओ कार्यालय का घेराव**



नवभारत न्यूज

**विदिशा,अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ( अभाविप ) की हांसुआ नगर इकाई ने स्थानीय शासकीय विद्यालय में फैली अव्यवस्थाओं को लेकर मंगलवार को जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा. नगर मंत्री मोहित विश्वकर्मा के नेतृत्व में 80 से अधिक कार्यकर्ता और विद्यार्थी सड़क पर उतरे तथा शिक्षा विभाग के विरुद्ध विरोध दर्ज कराया.**

अभाविप ने विद्यालय में व्याप्त कई गंभीर समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित किया, जिनमें कक्षाओं में बिजली का करंट आना, जिससे विद्यार्थियों की जान को खतरा, विद्यालय भवन के क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत लंबे समय से अनदेखी , पीने के पानी की उचित व्यवस्था का अभाव ,परिसर की साफ-सफाई की बेहद खराब स्थिति ,प्राचार्य एवं शिक्षकों की नियमित उपस्थिति न होने से अध्ययन कार्य बाधित ,सीसीटीवी कैमरों का खराब होना और खेल सामग्री का अभाव. अभाविप ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो विद्यार्थी परिषद डीईओ कार्यालय का घेराव करेगी.

# तेज आवाज में बज रहे थे डीजे पुलिस ने किए जब्त, तीन मामलों में हुई एफआईआर

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में जिलेभर में डीजे के नियम विरुद्ध संचालन पर विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे तथा नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह के मार्गदर्शन में थाना सिविल लाइन एवं थाना कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध डीजे संचालन एवं कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के उल्लंघन पर तीन प्रभावी कार्रवाइयां की गईं, जिनमें तीनों मामलों में प्रकरण पंजीबद्ध किए गए.

दिनांक 23 नवंबर को रात्रि 9.45 बजे थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अभिनंदन गार्डन के पास सड़क पर एक डीजे अत्याधिक ध्वनि स्तर के साथ बजाया जा रहा था। तेज आवाज के कारण आमजन को परेशानी हो रही थी और यातायात भी बाधित हो रहा था। सूचना पर थाना सिविल लाइन पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर अवैध डीजे सिस्टम जप्त किए। कार्यवाही में थाना प्रभारी आर. के. मिश्र, सहायक उपनिरीक्षक घुमन सिंह, प्रधान आरक्षक राजकुमार, देवेंद्र मेहरा, आरक्षक जितेंद्र गोयल, मोहित गोस्वामी, सैनिक लखन लाल एवं चालक अभिषेक सूर्यवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही.वहीं थाना कोतवाली पुलिस ने भी 24.11.2025 को शहनाई गार्डन विदिशा क्षेत्र में अवैध डीजे संचालन की शिकायत पर मामला पंजीबद्ध कर कार्रवाई की.

# लौहपुरुष के आदर्शों पर यूनिटी मार्च को लेकर हुई बैठक

नवभारत न्यूज


**गुलाबगंज,** 28 नबंवर शुक्रवार को लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के आदर्शों पर आधारित यूनिटी मार्च पैदल यात्रा को लेकर एक विस्तृत बैठक आयोजित की गई.बैठक में यात्रा के निर्धारित रूट का निरीक्षण किया गया तथा कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गई.यात्रा 28 नबंवर शुक्रवार को सुबह 10 बजे ग्राम वन से प्रारंभ होकर सोजना, हथियाखेड़ा, चक्क खेजड़ा स्टॉप, मढ़ी चौबीसा ढाबा, मेहंदेर रेस्ट हाउस, दांगी धर्मशाला होते हुए नगर में प्रवेश करेगी.स्थानीय हाट बाजार में केंद्रीय मंत्री व क्षेत्रीय सांसद शिवराज सिंह चौहान की गरिमामय उपस्थिति में सभी विभागों का संयुक्त प्रशासनिक शिविर आयोजित होगा.इसके साथ ही सांसद खेल महोत्सव के तहत विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ भी होंगी.बैठक की अध्यक्षता कर रहे विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि यह कोई राजनीतिक यात्रा नहीं है, बल्कि समाज के सभी वर्गों को जोड़ने के उद्देश्य से एक विशिष्ट पहल है.

# विधिक सेवा समिति ने 15100 हेल्पलाइन की दी जानकारी

नवभारत न्यूज

**कुरवाई,विधिक सेवा समिति कुरवाई ने न्यायालय परिसर में अतिरिक्त जिला न्यायाधीश आनंद गौतम एवं एसडीएम मनीष जैन तथा तहसीलदार नागेश पवार की उपस्थिति में विधिक साक्षरता शिविरो का आयोजन किया। इस मौके पर** सरपंच एवं सचिवों को दी गई नालसा हेल्पलाईन 15100 नम्बर की जानकारी दी गई. न्यायालय परिसर में क्षेत्र की ग्राम पंचायत के सचिव एवं सरपंचों को बताया गया कि न्याय तक आपकी व आम लोगों की पहुंच हो उसके लिए नालसा ने नि:शुल्क विधिक सहायता के लिए एक टोल फ्री नम्बर 15100 दिया है.सचिव व सरपंचों से कहा गया कि आपको नालसा द्वारा दिये गये टोलफ्री नम्बर को गांव-गांव एवं आमजन तक पहुंचाना है.कोई भी व्यक्ति न्याय से वंचित नहीं होना चाहिये .एसडीएम मनीष जैन ने कहा कि सरपंच एवं सचिव प्रत्येक गांव के प्रहरी होते है, आप ग्रामीणजन तक उक्त टोल फ्री नम्बर 15100 की जानकारी पहुंचा सकते है.

# सेंट मैरी पीजी कॉलेज के छात्रों ने अपना घर आश्रम में की भेंट




नवभारत न्यूज

**विदिशा, सेंट मैरी पीजी कॉलेज में समाजशास्त्र पढ़ने वाले छात्रों का एक दल कॉलेज के आर्ट डिपार्टमेंट में विभागध्यक्ष प्रो. मनीष शाह प्रो. नारायण अहिरवार प्रो. विवेक जैन के नेतृत्व में अपना घर आश्रम पहुंचा वहां पर आश्रय पा रहे प्रभु जनों से भेंट की, उनके हाल-चाल जाने एवं किस प्रकार आश्रम में उनकी सेवा एवं उपचार किया जाता है, इन सब का गहराई से अध्ययन किया.**

चूकि उस समय आश्रम में भोजन का समय रहता है, सभी छात्रों एवं कॉलेज प्राध्यापकों द्वारा प्रभुजनों को स्वयं के हाथों से भोजन परोसा गया.यहां आश्रय पा रहे 137 प्रभुजनों की दिनचर्या आश्रम की स्वच्छता एवं उनके रहने, उपचार आदि की जानकारी प्राप्त की.इस अवसर पर आश्रम के अध्यक्ष डॉक्टर जीके महेश्वरी सचिव जीएस चौहान आश्रम के सदस्य धर्मेंद्र शाह श्रीमती रीटा शाह ,कार्यालय सहायक जितेंद्र सिंह एवं सेवा साथी उपस्थित थे.जिन्होंने सभी को बड़े ही अच्छे ढंग से आश्रम के बारे में जानकारी प्रदान की.एवं आश्रम द्वारा चलाई जा रही पर्यावरण संरक्षण एवं पॉलीथिन हटाओ अभियान के अंतर्गत सभी को कपड़े के थैली एवं आश्रम का स्मारिका भेंट की.

**पूर्व छात्र सम्मेलन** | **पुरानी यादें ताजा कर बोले इस कॉलेज ने हमें मिट्टी से सोना बनाया**

# एसएटीआई में जुटे 1975 बैच के पूर्व छात्र



नवभारत न्यूज

**विदिशा,सम्राट अशोक प्रौद्योगिकी संस्थान में 1975 बैच के इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल और सिविल इंजीनियरिंग विभाग के पूर्व छात्रों का अलुमनाई मीट अत्यंत गर्मजोशी और उत्साह के साथ आयोजित किया गया. वर्षों बाद संस्थान लौटे वरिष्ठ पूर्व छात्रों का स्वागत किया गया.**

स्मार्ट क्लासरूम में निदेशक डॉ. वायके जैन ने सभी पूर्व छात्रों को पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया.स्वागत संबोधन में निदेषक डॉ. जैन ने एसएटीआई की शैक्षणिक प्रगति, तकनीकी उन्नयन और नई पीढ़ी के लिए उपलब्ध कराए जा रहे संसाधनों का उल्लेख करते हुए कहा कि संस्थान की वास्तविक शक्ति उसके पूर्व छात्र हैं, जिनकी उपलब्धियाँ और अनुभव सदैव प्रेरणा का स्त्रोत हैं.इस अवसर पर महाराजा जीवाजीराव एज्युकेशन सोसायटी के सचिव डॉ. लक्ष्मीकांत मरखेडकर संदेष भेजकर सभी पूर्व छात्रों का अभिनंदन एवं आयोजकों को बधाई प्रेषित की है.

अनुभव-साझा सत्र में 1975 बैच के वरिष्ठ पूर्व छात्रों ने अपने छात्र जीवन की यादें ताज़ा करते हुए बताया कि सीमित संसाधनों के बावजूद शिक्षा अत्यंत अनुशासित और गहन हुआ करती थी.इसी दौरान पूर्व छात्र अजय कुमार ने भावुक होकर कहा कि इस कॉलेज ने हमें मिट्टी से सोना बना दिया, आज हम जो कुछ भी हैं, उसकी नींव यहीं पड़ी थी.अनुभव-वाचन के पश्चात सभी ने अपने दिवंगत शिक्षकों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा. इसके बाद पूर्व छात्र संस्थान की प्रयोगशालाओं के भ्रमण पर निकले, जहाँ उन्होंने नई कंप्यूटर लैब्स, आधुनिक उपकरणों और डिजिटल सुविधाओं को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की.एक वरिष्ठ पूर्व छात्र ने निरीक्षण के दौरान कहा कि आज की अत्याधुनिक लैब्स को देखकर यह महसूस होता है कि एसएटीआई तकनीकी प्रगति के साथ कदम से कदम मिला रहा है.वीवी नातू कम्प्यूटर सेंटर की सुव्यवस्थित व्यवस्था देखकर वरिष्ठ पूर्व छात्र काफी प्रभावित हुए और उन्होंने कहा कि संस्थान का यह रूप देखकर गर्व की अनुभूति होती है. लगभग 70 वर्ष आयु के ये पूर्व छात्र अपने पुराने दिनों की तरह पूरे परिसर में पैदल घूमते रहे.खेल मैदान, बैडमिंटन कोर्ट, टेबल टेनिस हॉल और वर्कशॉप क्षेत्र को देखते हुए उन्होंने हँसी और भावनाओं के साथ अपने बीते दिनों की यादें साझा कीं.होस्टल और मेस का निरीक्षण करते समय उन्होंने साफ-सफाई और रखरखाव की प्रगति की सराहना की. अपने पुराने कमरों में जाते ही कई पूर्व छात्र भावुक हो उठे और एक ने धीमे स्वर में कहा कि यही वह कमरा था जहाँ हमारी जिंदगी की दिशा तय हुई थी.कॉलेज के नए इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण कार्यों को देखकर उन्होंने संतोष व्यक्त किया और आश्वासन दिया कि वे भी अपनी क्षमता के अनुसार संस्थान के विकास में आर्थिक सहयोग प्रदान करेंगे. पूरे कार्यक्रम का समन्वय पूर्व छात्र और दुबई में उद्योगपति दीपक माथुर ने किया. इस अलुमनाई मीट में अनेक शहरों से पूर्व छात्रों ने भाग लिया.सभी ने इस मिलन को अविस्मरणीय बताते हुए कहा कि एसएटीआई ने उन्हें जीवन की दिशा देने के साथ-साथ ऐसी यादें दी हैं जो सदैव हृदय में जीवित रहेंगी.इस अवसर पर पूर्व छात्र एमएन पारीख ने एक सम्मानजनक राशि संस्था की प्रगति के लिए ऑनलाइन भेंट की.

# 1 महीने बाद आगरा से पकड़ में आए चैन स्नेचर

नवभारत न्यूज

**विदिशा, पिछले दिनों बालाजी मंदिर में भागवत कथा के दौरान महिलाओं के साथ हुई चोरी की घटना का खुलासा पुलिस मंगलवार को किया.एसपी रोहित काशवानी ने बताया कि पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. आरोपियों के पास से चोरी का माल बरामद किया गया है। चोरों द्वारा करीब 15 लाख रुपए के सोने चांदी के जेवर चोरी किए गए थे जो आरोपियों ने चोरी करना कबूल किया है. उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई कोतवाली थाना प्रभारी और अन्य पुलिसकर्मी लगाए गए थे. सीसीटीवी कैमरे और अन्य लोगों से पूछताछ कर चोरी में शामिल सभी लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है.**

बताया गया कि घटना दिनांक 31 अक्टूबर को बालाजी मंदिर, किले अंदर विदिशा में भीड़ का फायदा उठाकर सोने के मंगल सूत्र और चैन चोरी की घटना हुई थी. सोशल मीडिया, तकनीकी वीडियो फुटेज, मानवीय इंटेलिजेंस और मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस ने उत्तर प्रदेश के अंतर्राज्यीय गिरोह की पहचान कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया. गिरफ्तार आरोपियों में दिलावर पातरे पिता स्व. रावजी पातरे उम्र 59 वर्ष निवासी खुशहाली का नगला रेलवे पटरी के पास आगरा (उ.प्र.), संगीता पातरे पति दिलावर पातरे उम्र 55 वर्ष निवासी खुशहाली का नगला आगरा (उ.प्र.), अशोक कुमार कोरी पिता बालकिशन कोरी उम्र 55 वर्ष निवासी अमरपुरा कलावारी जिला आगरा (उ.प्र.), विद्या उर्फ कंचन हटागले पति छोटेलाला हटागले उम्र 55 वर्ष निवासी खुशहाली का नगला शाहगंज आगरा (उ.प्र.), नीलम हटागले पिता स्व. चंदू हटागले उम्र 34 वर्ष निवासी 50/85 नगला खुशहाली शाहगंज आगरा (उ.प्र.) शामिल हैं। आरोपियों के विरुद्ध पूर्व में भी उत्तरप्रदेश व राजस्थान के विभिन्न जिलों में अपराध पंजीबद्ध पाए गए हैं. आरोपियों से नगदी 1 लाख 15 हजार, सोने के 4 मंगलसूत्र, सोने की 1 चैन, एक अर्टिका कार कुल मूल्य लगभग 15 लाख मशरूका जब्त किया गया है. इस कार्यवाही में थाना प्रभारी आनंद राज, उनि रितुराज सिंह, उप निरीक्षक रोहित कौरव, उनि गौरव रघुवंशी (साइबर सेल प्रभारी) प्रआर 245 धर्मेश बर्थे, महिला प्रआर शमा परवीन, महिला प्रआर शशि चौबे, आर. राघवेन्द्र सिकरवार, आर. भूपेन्द्र कुर्मी, आर. अजय सिकरवार, आर. शिशुपाल सिंह दांगी, आर. संदीप जाट, आर. जयदेव सिंह लोधी की सराहनीय भूमिका रही.